संपादक : विपिन मालवीया
94254.76757

# ॥ संस्कृति ॥

नर्मदापुरम • 09 मार्च 2025, रविवार • कुल पृष्ठ : 8 • आमंत्रण मूल्य : 2 रू



## महिलाओं को सबल एवं आत्मनिर्भर बनाए जाने हेतु राज्य एवं केन्द्र सरकार दृढ़ संकल्पित हैः दर्शन सिंह

## लाडली बहना योजना महिलाओ के आर्थिक सशक्तिकरण का सबसे बड़ा उदाहरणः माया नारोलिया

## साल के प्रत्येक दिवस को महिला दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए : कलेक्टर सोनिया मीना

**संस्कृति..... सिवनी मालवा**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आज शासकीय एस.एन.जी. स्टेडियम मैदान में शौर्य शक्ति स्पर्धा कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 9-00 बजे से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, नगरपालिका अध्यक्ष नर्मदापुरम श्रीमती नीतू यादव, श्रीमती अर्चना पुरोहित, विधायक प्रतिनिधि श्रीमती सीमा तिवारी उपस्थित रही। जिला प्रशासन से सुश्री कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम श्री सोजान सिंह रावत, सिटी मजिस्ट्रेट नर्मदापुरम श्री ब्रजेंद सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम श्री ललित कुमार डेहरिया, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्रारंभ करने से पूर्व शक्ति रूपी नन्ही नन्ही बालिकाओं की कन्यापूजन भी की गई।

**शौर्य शक्ति स्पर्धा अंतर्गत खेल प्रतिस्पर्धाओं का हुआ आयोजन**

कार्यक्रम में महिला अधिकारियो/कर्मचारियो हेतु विभिन्न खेल प्रतियोगिताओ- महिला क्रिकेट मैच, रस्साकसी, कुर्सी दौड़ एवं चम्मच दौड जैसी खेल प्रतियोगिताऐं आयोजित की गई। क्रिकेट मैच में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्रीमती निशा चैहान, की कप्तानी में टीम शक्ति एवं श्रीमती वंदना रघुवंशी की कप्तानी में टीम शौर्य के बीच मैच खेला गया। जिसमें टीम शौर्य विजेता रही एवं टीम शक्ति नें द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार रस्साकशी में टीम महिला एवं बाल विकास एवं टीम जिला प्रशासन के बीच मैच खेला गया। जिसमें टीम महिला एवं बाल विकास नें प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुर्सी दौड एवं चम्मच दौड में विभिन्न विभागों में पदस्थ महिला अधिकारी/कर्मचारियों ने सहभागिता दी।

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृशक्ति को नमन : लोकसभा सांसद**

कार्यक्रम में लोकसभा सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी द्वारा समस्त उपस्थित महिलाओं को





अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृशक्ति को नमन करते हुए कहा कि महिलाओं द्वारा कृषक, स्वसहायता समूह, बैंक सखी, शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं अन्य विभिन्न क्षेत्रो में अपने बेहतर कार्यो का प्रदर्शन किया है। महिला सशक्तिकरण के माध्यम से महिलाओं को सबल एवं आत्मनिर्भर बनाए जाने हेतु राज्य एवं केन्द्र सरकार दृढ़ संकल्पित है।

**शासन की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन का ही परिणाम है कि हर क्षेत्र में महिलाएं अपना बेहतर प्रदर्शन कर रही: राज्यसभा सांसद**

कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया द्वारा समस्त उपस्थित महिलाओ को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि राज्य एवं केन्द्र सरकार महिलाओ के बेहतर भविष्य एवं सशक्तिकरण हेतु दृढ सकल्पिंत है। शासन की योजनाओ के बेहतर क्रियान्वयन का ही परिणाम है कि हर क्षेत्र में महिलाएं अपना बेहतर प्रदर्शन कर रही है। मध्यप्रदेश सरकार की लाडली बहना योजना महिलाओ के आर्थिक सशक्तिकरण का सबसे बड़ा उदाहरण है।

**हम सभी साल में प्रत्येक दिवस महिला दिवस के रूप में मनाते हुए महिलाओं को सम्मान दें और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद रखें : कलेक्टर**

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने अपने उद्बोधन के दौरान कहा कि हम सभी को यह प्रयास करना चाहिए कि महिलाओं को सम्मान देने एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को याद करने के लिए केवल एक महिला दिवस दिन ही सीमित न हो। अपितु महिलाओं तथा समाज एवं राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी को हर रोज याद किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक सभ्य समाज के तौर पर यह हम सबकी जवाबदारी है कि साल के प्रत्येक दिन हम महिलाओं को सम्मान एवं समान अवसर दे, उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराए जहां वे अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर सके और अपने आप को सिद्ध कर सकें। कलेक्टर सुश्री मीना ने कहा कि हमे हर एक दिवस महिला दिवस के रूप में मनाना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि बात जब महिला सशक्तिकरण की होती है तब केवल महिलाओं को शिक्षित करना या उन्हें रोजगार जैसी अन्य गतिविधियों में अवसर प्रदान करने से ही सशक्तिकरण नहीं होगा बल्कि इसके लिए हमारे पुरुष समाज को भी संवेदनशीलता दिखाते हुए महिलाओं को समाज में परस्पर स्थान देना होगा। तभी हम एक संतुलित, सुरक्षित और संपन्न समाज का निर्माण कर सकते हैं। कलेक्टर ने कहा कि शासकीय सेवा में होने के कारण महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बहुत ही महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां के साथ कार्य करना पड़ता है। इसी के साथ एक महिला मां होने की, बहन होने की, बेटी होने की तथा किसी की अर्धांगिनी होने की जिम्मेदारियां का भी ईमानदारी से निर्वहन करती है जोकि दुनिया की सभी जिम्मेदारियां से बढ़कर है। आज 8 मार्च को महिला दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम का यही उद्देश्य है कि आप सभी को एक अनौपचारिक वातावरण दिया जाए जहां आप सभी आज इस कार्यक्रम में आयोजित खेल गतिविधियों के मनोरंजक वातावरण का आनंद उठा सके।

**लखपति दीदी की सफलता की कहानी**

कार्यक्रम में अजीविका मिशन के माध्यम से स्वसहायता समूहो से जुड़कर आत्मनिर्भर बनी श्रीमती पूजा चंद्रशेखर प्रजापति ग्राम रूपादेह एवं श्रीमती मालती प्रधान ग्राम पलासी शिवशक्ति स्वसहायता समूह द्वारा अपने अनुभव साझा किये गये।

**विजेताओं को किया गया पुरूस्कार वितरण**

महिला क्रिकेट मैच में श्रीमती वंदना रघुवंशी की कप्तानी में टीम शौर्य विजेता रही एवं टीम शक्ति उपविजेता रही। रस्साकसी में टीम महिला एवं बाल विकास विजेता रही एवं टीम जिला प्रशासन उपविजेता रही। कुर्सी दौड़ में श्रीमती वैशाली मेहतो ने प्रथम, श्रीमती विजेता त्रिवेदी ने द्वितीय एवं श्रीमती वर्षा चैरे ने तृतीय एवं सुश्री मृगी अग्रवाल को सात्वंना पुरूस्कार दिया गया। चम्मच दौड़ में श्रीमती सीमा तिवारी, माध्यमिक शिक्षक ने प्रथम, श्रीमती रंजना गावड़े ने द्वितीय एवं श्रीमती चित्रा यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओ को ट्राफी एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन हेतु महिला अधिकारी/कर्मचारी का सम्मान

श्रीमती परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम शहरी प्रीति यादव, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्रीमती निशा चैहान, श्रीमती अमृता दीक्षित प्लाटून कंमाडर श्रीमती आरती शर्मा, ब्लाक समन्वयक, श्रीमती अनुष्का मालवीय, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभिन्न विभागों- पुलिस, नगरपालिका, स्वास्थ्य, खेल, राजस्व, महिला एवं बाल विकास, उद्योग, जिला पंचायत आदि में अपने पदीय दायित्वो के निर्वहन में सराहनीय कार्य करने वाली महिला अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मंच संचालन एवं खेल प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम ग्रामीण श्री प्रमोद गौर, विकासखंड समन्वयक श्रीमती आरती शर्मा, श्री अश्विनी मालवीय शिक्षा विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री ललित कुमार डेहरिया द्वारा किया गया।



# मानव अधिकार प्रत्येक नागरिक का मूलभूत अधिकार है, जिसमें महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा एवं गरिमा का विशेष महत्व है।



**संस्कृति..... इटारसी**

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित गतिविधियों का सफल समापन समारोह आयोजन मुस्कान संस्था के सहयोग से मुस्कान संस्था में किया गया कार्यक्रमों के आयोजन का उद्देश्य बेटियों महिलाओं को स्वास्थ्य सुरक्षा शिक्षा संस्कार की दृष्टि से जागरूक करना था कल समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों एवं नारी शक्ति बेटियों का सम्मान ईश्वर सभागृह में किया जाएगा।

परियोजना इटारसी में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ₹बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ₹ योजना के तहत आयोजित कार्यक्रमों के सफल समापन के उपलक्ष्य में एक समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारीगण, समाजसेवी, शिक्षाविद, विधि विशेषज्ञ एवं छात्राओं ने सहभागिता की।

कार्यक्रम अंतर्गत बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीम इटारसी द्वारा उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सलाह दी गई एवं साथी हीमोग्लोबिन चेकअप किया गया एवं दवाइयां वितरित की गई।

समारोह के दौरान नगर पालिका सीएमओ श्रीमती रितु मेहरा मुस्कान संस्था से श्रीमती रितु राजपूत काउंसलर श्रीमती रीना गौर ,एवं श्रीमती श्रद्धा अग्रवाल द्वारा मानव अधिकार, घरेलू हिंसा और पोक्सो अधिनियम (POCSO Act) जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। एवं बताया कि मानव अधिकार प्रत्येक नागरिक का मूलभूत अधिकार है, जिसमें महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा एवं गरिमा का विशेष महत्व है।

अटल बाल पलक श्रीमती उमा शुक्ला एवं अर्चना शुक्ला एवं पार्षद गण श्रीमती नदी बेगम गीता पटेल एवं अमृता सिंह जी द्वारा घरेलू हिंसा (Domestic Violence Act, 2005) पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि यह कानून महिलाओं को शारीरिक, मानसिक, आर्थिक एवं यौन उत्पीड़न से





बचाने के लिए लागू किया गया है। यदि कोई महिला घरेलू हिंसा का शिकार होती है, तो वह संरक्षण अधिकारी, पुलिस या महिला हेल्पलाइन नंबर 181 पर संपर्क कर सकती है।

सब इंस्पेक्टर सुश्री श्रद्धा राजपूत द्वारा इसके अलावा, पोक्सो अधिनियम (Protection of Children from Sexual Offences Act, 2012) के तहत बच्चों के खिलाफ होने वाले यौन अपराधों की रोकथाम के लिए सख्त प्रावधानों की जानकारी दी गई। अधिनियम के अनुसार, 18 वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चे के साथ यौन उत्पीड़न या शोषण करने वाले दोषियों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है।

महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी (प्रभारी) द्वारा समारोह में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत किए गए कार्यों की समीक्षा प्रस्तुत की गई, जिसमें बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों की सफलता को रेखांकित किया गया। साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया

कार्यक्रम अंतर्गत 11 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई एवं उन्हें गर्भावस्था के दौरान रखने वाली सावधानियां के बारे में एवं पौष्टिक आहार ग्रहण करने की सलाह दी गई।

कार्यक्रम अंतर्गत पोषण आहार से बने हुए पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई इसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को पोषण संबंधी आवश्यकताओं एवं स्वादिष्ट भोजन से अपनी शारीरिक पोषण सम्बन्धी आवश्यकताओं को कैसे पूर्ण किया जाए इसका ज्ञान प्रदान करना था। इस प्रदर्शनी में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पौष्टिक व्यंजनों को पुरस्कार भी दिया गया, एवं 3 से 6 वर्ष के बालक बालिकाओं का जन्म दिवस मनाया गया एवं 6 मा पूर्ण करने वाले बच्चों का अन्नप्राशन भी किया गया।

मुस्कान बालिका गृह संचालक श्री मनीष ठाकुर जी द्वारा अपने संबोधन में कहा, ₹बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने समाज में जागरूकता लाने और बालिकाओं के प्रति सोच बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हमें इस मिशन को निरंतर आगे बढ़ाना होगा ताकि हर बेटी सुरक्षित और सशक्त बन सके।

कल दिनांक 8 मार्च 2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित



किया जाएगा

कार्यक्रम में नगर पालिका सीएमओ श्रीमती रितु मेहरा सब इंस्पेक्टर श्रद्धा राजपूत मुस्कान संस्था काउंसलर श्रीमती रितु राजपूत पाषर्दगढ़ श्रीमती नाजिया बेगम पटेल श्रीमती उमा शुक्ला श्रीमती अर्चना शुक्ला श्रीमती अमृता सिंह मोना जॉनसन काउंसलर श्रीमती रीना गौर श्रीमती श्रद्धा अग्रवाल श्रीमती गुंजन शर्मा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग से प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती दीप्ति शुक्ला समस्त पर्यवेक्षक श्रीमती मीना गाठले, श्रीमती राखी मौर्य, पोषण अभियान समन्वयक हिना खान समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं एवं सहायिकाएं मुस्कान बालिका गृह की छात्राएं एवं वार्ड की महिलाएं उपस्थिति रही





# “समर्पण से संगठन मजबूत, सहयोग से राष्ट्र सशक्त”: आलोक संजर




**संस्कृति..... नर्मदापुरम**

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद एवं आजीवन सहयोग निधि के प्रदेश सहप्रभारी श्री आलोक संजर ने नर्मदापुरम जिले में पार्टी के समर्पण निधि अभियान की समीक्षा बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि समर्पण निधि अभियान संगठन को आर्थिक रूप से सशक्त करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है, जिसमें कार्यकर्ता और समर्थक स्वेच्छा से योगदान देकर पार्टी की मजबूती में अपनी भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने आजीवन सहयोग निधि की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह उन समर्पित कार्यकर्ताओं और समर्थकों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो दीर्घकालिक रूप से पार्टी के विकास और राष्ट्र निर्माण में सहयोग देना चाहते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की सफलता की कुंजी है और इसके लिए सभी को



समर्पण और सहयोग की भावना से आगे आना होगा। जिला मीडिया प्रभारी अमित माहाला ने बताया कि प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी पंकज जोशी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अटल जी के जन्मशताब्दी वर्ष पर आजीवन संग्रह अभियान को गति देने पर जोर दिया। उन्होंने वन नेशन, वन इलेक्शन के तहत संस्थानों, सामाजिक व धार्मिक संगठनों से संपर्क बढ़ाने और किसान चौपाल आयोजित करने का आह्वान किया।



जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने जिले के आजीवन सहयोग निधि के बारे में विस्तृत जानकारी से अवगत कराया साथ ही प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये मंडल अध्यक्ष, आईटी एवं सोशल मीडिया के पदाधिकारियों को प्रोत्साहन किया। कार्यक्रम का संचालन किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राजपूत एवं आभार आजीवन सहयोग निधि के जिला प्रभारी विवेक गौर ने माना। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल, प्रसन्ना हर्णे, निखिलेश चतुर्वेदी, हंस राय, मनोहर बडानी सहित मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, आजीवन सहयोग निधि के मंडल प्रभारी-सह प्रभारी उपस्थित थे।






# केसला के जुझारपुर में हुआ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजन




**संस्कृति..... इटारसी**

महिला एवं बाल विकास विभाग केसला के सेक्टर पथरोटा एक की ग्राम पंचायत जुझारपुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया जिसमें गांव की समस्त महिला एवं किशोरी बालिकाएं उपस्थित रहे सर्वप्रथम ग्राम की वरिष्ठ महिलाओं से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया ।

सेक्टर पर्यवेक्षक चेतना ढीवरे द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के बारे में विस्तृत में जानकारी दी उन्होंने बताया कि महिला दिवस प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को मनाया जाता हैयह दिन महिलाओं के अधिकारों सशक्तिकरण और समानता के लिए समर्पित है इसका उद्देश्य महिलाओं की उपलब्धियां को पहचानना उनकी चुनौतियों को समझना और उनके अधिकारों की रक्षा करना है



महिलाओं के खिलाफ हिंसा को रोकना है।

पर्यवेक्षक द्वारा बताया गया कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है चाहे वैज्ञानिक राजनीतिक सामाजिक और आर्थिक हो सभी क्षेत्र में महिलाएं आगे हैं आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से निदान वेलफेयर सोसाइटी इटारसी के श्री जगदीश परसाई दीप्ति अग्रवाल और मुकेश पाल द्वारा आयोजन किया गया श्री जगदीश परसाई द्वारा उपस्थित महिलाओं को बताया गया कि यह विशेष दिन है हमारे समाज में महिलाओं के योगदान संघर्ष और शक्ति को पहचानने का कामकाजी महिलाओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य अत्यंत महत्वपूर्ण है।

हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि महिलाएं मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें ताकि वे समाज और परिवार में अपनी भूमिका बेहतर ढंग से निभा सके महीना सशक्तिकरण से ही समाज सशक्त बनता है और हमें इसे प्रोत्साहित करना चाहिए।

कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण पर क्विज प्रतियोगिता एवं महिला प्रेरणा कहानी तथा ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया महिलाओं ने अपने अनुभवों को साझा किया तत्पश्चात पुरस्कार वितरण किया गया कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरोज महाल्हा लक्ष्मी पटेल सपना चौधरी आंगनबाड़ी सहायिका रजनी पटेल संगीता चौधरी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।





# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन



**संस्कृति..... सिवनी मालवा**

शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सम्मानित अतिथियो एवं महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य ने कार्यक्रम की शुरुआत कलश पूजन तथा मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर की। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ कल्पना स्थापक ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि इसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सम्मान देना है। महिलाओं ने इतिहास में हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ी है, चाहे वह शिक्षा हो, राजनीति हो, विज्ञान हो या खेल का मैदान।

मुख्य अतिथि श्रीमती सरोज परिहार अनुविभागीय अधिकारी सिवनी मालवा ने अपने उद्बोधन में कहा कि ₹ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च को महिलाओं के सम्मान, उनके अधिकारों और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानने के लिए मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने का एक प्रतीक है। भारतीय संस्कृति में नारी को देवी का स्वरूप माना गया है, और आज की नारी घर की जिम्मेदारियों से लेकर हर क्षेत्र में देश की प्रगति में योगदान दे रही है। इस विशेष दिन पर हम उन सभी महिलाओं को सलाम करते हैं, जिन्होंने अपने साहस, समर्पण और मेहनत से समाज में एक मिसाल कायम की है।

श्रीमती कीर्ति प्रधान नायाब तहसीलदार ने कहा कि ₹ जब तक पुरुष की सोच ना बदले तब तक स्त्री सुरक्षा की बात करना बेमानी है ₹ जब तक स्त्रियां संगठित होकर नहीं सोचेगी तब तक कोई परिवर्तन नहीं आएगा।











नगर उपनिरीक्षक सोनाली चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं नारी-शक्ति को नमन करती हूं जिसने समय समय पर हमारे समाज को संवारने और उसे दिशा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महिलाएं हमेशा से हमारी संस्कृति की ध्वज वाहक रही हैं, किसी भी भूमिका में उनकी निस्वार्थता, समर्पण और बलिदान को शब्दों में पिरोया नहीं जा सकता है। इस कार्यक्रम में सफल बनाने के लिए सिवनी मालवा नगर की मातृशक्ति डॉक्टर कांति बाथम चिकित्सा अधिकारी, श्रीमती स्वाति गौर नगर पालिका उपाध्यक्ष, श्रीमती सोनू पाठक अधिवक्ता , श्रीमती संगीता यादव बी आर सी, पार्षद श्रीमती किरण राठौर, श्रीमती सरिता अग्रवाल पार्षद , सुश्री प्रीति चौहान आरक्षक को महाविद्यालय द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान सम्मानित किया गया।

महाविद्यालय परिवार द्वारा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी श्रीमती दुर्गा प्रजापति एवं प्रीति टॉक को उत्कृष्ट कार्य हेतु साल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम का सफल संचालन प्रोफेसर एस के अग्रवाल द्वारा किया गया इस कार्यक्रम सफलतम रूप देने के लिए महाविद्यालय की महिला स्टाफ जिनमें श्रीमती विजयश्री मालवीय डॉ रश्मि सोनी श्रीमती गीता डोंगरे श्रीमती योगिता बाथव श्रीमती कनक कुमरावत सुश्री जयश्री चौहान समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।









# शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा में वार्षिकोत्सव "अभिव्यक्ति" एवं फ्रेशर व फेयरवेल का आयोजन हुआ



**संस्कृति..... सिवनी मालवा**

शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा में में वार्षिकोत्सव ₹अभिव्यक्ति ₹ एवं फ्रेशर व फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया । मुख्य अतिथि वरिष्ठ नेता श्री रघुवीर सिंह राजपूत सिवनी मालवा तथा विशेष अतिथि पार्षद एवं समाजसेवी श्री ईश्वर जमींदार, जनप्रतिनिधि श्री कमलेश लोवंशी, समाजसेवी श्री दीपक पालीवाल, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे तथा कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती काजल रतन द्वारा माँ सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे ने महाविद्यालय की छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्राओं ने गीत, नृत्य, समूह नृत्य, नाटक की रंगारंग प्रस्तुति दी । कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका में श्रीमती संगीता यादव बी आर सी सिवनी मालवा तथा श्रीमति संगीता परपाचे, शिक्षिका उपस्थित रहे ।

मुख्य अतिथि श्री रघुवीर सिंह राजपूत द्वारा छात्राओं को महाविद्यालय के भूमि आवंटन से संबंधित जानकारी दी गई, उन्होंने छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया एवं भविष्य के लिए शुभकमनाएं दीं । श्री ईश्वर जमींदार जी ने महाविद्यालय के विकास के लिए मदद किये जाने का आश्वासन दिया, उन्होंने समाज में नारी शक्ति के महत्त्व पर प्रकाश डाला ।



विश्व महिला दिवस के अवसर पर सभी महिला कर्मचारियों का सम्मान किया गया प्राचार्य तथा अतिथियों द्वारा सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार, समानता, सशक्तिकरण, पर जोर दिया गया।





शा. गृहविज्ञान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन ने भी छात्राओं को शुभकामनाऐं प्रेषित की। महाविद्यालय प्राध्यापको की वोटिंग द्वारा मिस फ्रेसर रसाली गौर, बी ए प्रथम वर्ष, मिस फेयरवेल तथा स्टूडेंट ऑफ द ईयर नेहा जाट बी. एस. सी. तृतीय वर्ष को चुना गया एवं सम्मानित किया गया ।

प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे, श्री रघुवीर सिंह राजपूत, डॉ. मोहन गुर्जर, श्री दीपक पालीवाल, संगीता यादव, संगीता परपाचे तथा काजल रतन ने कार्यक्रम में सुन्दर प्रस्तुति देने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया, मुख्य प्रस्तुति करने वाली छात्रा को विशेष पुरस्कार दिया जिसमें एकल नृत्य में पलक ठाकुर तथा समूह नृत्य में पलक ठाकुर एवं महिमा पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. मनीष दीक्षित, डॉ. वर्षा भिंगारकर तथा डॉ. धर्मेन्द्र सिंह ने किया । वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. बाऊ पटेल द्वारा मुख्य अतिथियों पत्रकार बंधुओं तथा कार्यक्रम में सम्मिलित सभी का आभार व्यक्त किया गया । कार्यक्रम में कन्या महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, स्टाफ तथा छात्राएँ उपस्थित रहीं ।





# 101 शक्ति स्वरुपा का मुस्कान संस्था और महिला बाल विकास विभाग ने किया सम्मान

- सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि महिलाओं को आगे बढाने की शुरुआत हमें अपने घर से करना चाहिए
- नगरपालिका अध्यक्ष नर्मदापुरम नीतू यादव ने कहा जिले में हर बडे पद पर आज महिला पदस्थ
- नगरपालिका अध्यक्ष इटारसी ने कहा पंकज चौरे ने कहा हमारी नगरपालिका महिला अधिकारी व महिला पार्षदों की शक्ति से शहर के विकास के नए आयाम स्थापित कर रही
- एसडीओपी वीरेंद्र मिश्रा ने कहा निरंतर महिलाओं की सुरक्षा के लिए इटारसी पुलिस तत्पर है
- टीआई गौरव सिंह बुंदेला ने कहा मुस्कान संस्था का सेवा कार्य सबसे सराहनीय
- महिला बाल विकास द्वारा बेटी पढाओ, बेटी बचाओ अभियान के दस वर्ष पूर्ण होने पर किया गया महिलाओं का सम्मान






**संस्कृति..... इटारसी**

महिला बाल विकास द्वारा बेटी पढाओ, बेटी बचाओ अभियान के दस वर्ष पूर्ण होने के समापन दिवस पर मुस्कान संस्था के सहयोग से शहर की 101 शक्ति स्वरुपा मातृशक्ति का सम्मान किया। सम्मान समारोह में सांसद दर्शन सिंह चौधरी, नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, नर्मदापुरम नगरपालिका अध्यक्ष नीतू यादव, सभापति अमृता मनीष ठाकुर, मुस्कान संस्था संचालक मनीष सिंह ठाकुर, एसडीओपी वीरेंद्र मिश्रा, टीआई गौरव सिंह बुंदेला, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी दीप्ती शुक्ला, भाजपा मंडल अध्यक्ष नर्मदापुरम ग्रामीण गोकुल पटेल, किसान मोर्चा भाजपा जिला अध्यक्ष योगेंद्र राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा राहुल सिंह सोलंकी, जोगिंदर सिंह व अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

कार्यक्रम के संयोजक मनीष सिंह ठाकुर ने अपने स्वागत उदबोधन में कहा कि मुस्कान संस्था व शक्ति सदन सुधार ग्रह में निवासरत बालिकाओं व महिलाओं की निरंतर शिक्षा एवं पुर्नवास के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं एवं अंतिम छोर में निवासरत महिलाओं को रोजगार से जोडने का प्रयास कर रहे हैं। श्री ठाकुर ने बताया कि आज सम्मान समारोह में शहर की डॉक्टर्स, जनप्रतिनिधि, पत्रकार, साहित्य-सांस्कृतिक क्षेत्र, इंजीनियर्स, आंगनबाडी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ताओं के साथ ही स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का सम्मान किया। महिला बाल विकास अधिकारी दीप्ति शुक्ला ने बेटी बचाओ, बेटी पढाओ योजना, मंगल दिवस एवं महिला बाल विकास विभाग की अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि महिलाओं को आगे बढाने की शुरुआत हमें अपने घर से करना चाहिए। नगरपालिका अध्यक्ष नर्मदापुरम नीतू यादव ने कहा जिले में हर बडे पद पर आज महिला पदस्थ हैं। नगरपालिका अध्यक्ष इटारसी ने कहा पंकज चौरे ने कहा हमारी नगरपालिका महिला अधिकारी व महिला पार्षदों की शक्ति से शहर के विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। एसडीओपी वीरेंद्र मिश्रा ने कहा निरंतर महिलाओं की सुरक्षा के लिए इटारसी पुलिस तत्पर है। टीआई गौरव सिंह बुंदेला ने कहा मुस्कान संस्था का सेवा कार्य सबसे सराहनीय है।

कार्यक्रम में टीआरएम स्कूल व नालंदा स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। टीआरएम स्कूल के बैंड ने अतिथियों का स्वागत किया और राष्ट्रगान की प्रस्तुति दी। अतिथियों का स्वागत पारंपरिक तौर पर तिलक लगाकर व रक्षासूत्र बांधकर किया।

## इन मातृशक्ति का हुआ सम्मान

इंजीनियर मीनाक्षी चौधरी, सोनिका अग्रवाल, डॉ प्रेसी येसुदास, डॉ पूजा गुप्ता, पत्रकार मंजू ठाकुर, किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य श्वेता चौबे, बाल कल्याण समिति सदस्य अनीता जाट, सुनीता कतरे, शिक्षिका सुचेता दास, पटवारी कंचन अग्रवाल, पुलिस उपनिरीक्षक श्रद्धा राजपूत, अटल बाल पालक राखी दुबे, सुषमा राजपूत, करुणा तिवारी, शिक्षिका संध्या प्रदीप जैन, पार्षद ज्योति राजकुमार बाबरिया, समाजसेविका रंजीता बर्नेजी सहित अन्य हैं।

## मुस्कान संस्था परिवार की यह सदस्य हुई सम्मानित

मुस्कान परिवार , शालिनी यादव, रितु राजपूत, विशाखा अंजीकर, मोना जॉनसन, रीना गौर, निदा फरहीन, गुंजन श्रीवास, वंदना मजूमदार, रोशनी खान, सरस्वती भार्गव, रानी राजपूत, ज्योति राव, रिंकी भैसारे, कृष्णा केवट, अर्चना मालवीय, अनुषा शर्मा व अन्य हैं।

हम खेल के क्षेत्र में अपना योगदान देने वाली हमारे शहर की बिटिया निधि तिवारी, आशु जायसवाल एवं प्रेरणा मालवीय का भी सम्मान किया गया। कक्षा 12वीं में 85% से ऊपर अंक प्राप्त करने वाली बिटिया पलक मालवी, आरती पांडे, भाग्यश्री सोनी, तुलसी बंजारा एवं प्रियांशी गौर का भी सम्मान किया गया। आशा कार्यकर्ता विनम्र लौवंशी, निकिता मालवीय, सुनीता भारद्वाज का सम्मान किया गया। स्वास्थ्य सेवाएं देने वाली शिवानी जालिया, सरोज दुबे, सरिता नेरल का सम्मान किया गया। महिला बाल विकास की दीप्ति शुक्ला परियोजना अधिकारी, अर्चना बस्तरवार पर्यवेक्षक, श्रीमती पूनम मौर्या, पर्यवेक्षक श्रीमती मीना गाठले, राखी यादव पर्यवेक्षक एवं हिना खान ब्लॉक समन्वयक का सम्मान किया।








# महिलाएं आज हर क्षेत्र में सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं: राज्यसभा सांसद माया नारोलिया



**संस्कृति..... सिवनी मालवा**

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में विभिन्न क्षेत्रों मे महिला सशक्तिकरण में अपनी पहचान बनाने वाली महिलाओं का शाल-श्रीफल से सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद श्रीमती नारोलिया ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं चला रही है, जिनका लाभ लेकर वे आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। उन्होंने रवन नेशन, वन इलेक्शनर की आवश्यकता पर भी बल दिया और इसे देश के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## परिवार में महिला का योगदान

भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला ने कहा कि महिला केवल गृहिणी नहीं होती, बल्कि एक माँ, बहन, बेटी और पत्नी के रूप में परिवार को जोड़ने का कार्य करती है। उसकी भावनात्मक मजबूती और त्याग परिवार को संतुलित बनाए रखता है। वह बच्चों के संस्कारों की पहली शिक्षिका होती है, जिससे





समाज का भविष्य बनता है। आज महिलाएं केवल घर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि व्यवसाय, कृषि, स्टार्टअप और कॉरपोरेट जगत में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया, महिला स्वयं सहायता समूह ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया है।

## समाज में महिला की भूमिका

महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती अर्चना पुरोहित ने कहा कि समाज के उत्थान में महिलाओं का योगदान अतुलनीय है। वे शिक्षक, डॉक्टर, वैज्ञानिक, नेता और उद्यमी बनकर समाज को आगे बढ़ा रही हैं। स्व-सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों और विभिन्न अभियानों के माध्यम से महिलाएं समाज सुधार में अहम भूमिका निभा रही हैं। महिला केवल एक परिवार की धुरी नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज और राष्ट्र की आधारशिला भी हैं। वे अपनी बुद्धिमत्ता, सहनशक्ति और कर्मठता से हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।



## राजनीति और नेतृत्व में महिलाओं का योगदान

नर्मदापुरम नपा अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव ने कहा कि महिलाएं अब राजनीतिक क्षेत्र में भी प्रभावी भूमिका निभा रही हैं। पंचायतों से लेकर संसद तक, उनकी भागीदारी न केवल महिलाओं के मुद्दों को आगे लाने में मदद करती है, बल्कि समाज को एक नई दिशा भी प्रदान करती है। कार्यक्रम का संचालन मोनिका चौकसे ने एवं आभार चंचल राजपूत ने किया इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष माधवदास अग्रवाल, पार्वती शर्मा लता तोमर ममता नागवंशी मालती गौर ज्योति चौरे सहित मोर्चा मंडल अध्यक्ष, स्व सहायता समूह बहनें एवं मातृशक्ति मौजूद रही।









# महिला दिवस पर डोलरिया में आयोजित हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**संस्कृति..... सिवनी मालवा**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम डोलरिया में आज निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित हुआ। बीएचआरसी हॉस्पिटल भोपाल ने यह शिविर आयोजित किया। शिविर में बीएचआरसी ग्रुप के डायरेक्टर के नाते मेरे साथ डॉ पूनम सिंह राजपूत, डॉ आदर्श शुक्ला, डॉ श्याम पटेल ने 80 से ज्यादा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित परामर्श दिया। मरीजों को आयुष्मान कार्ड के प्रयोग संबंधी महत्वपूर्ण




जानकारी प्रदान की तथा उत्तम स्वास्थ्य के तरीके बताएं। शिविर को सफल बनाने में रिलाएबल सोशल वेलफेयर सोसायटी तथा नगर विकास प्रस्फुटन समिति जन अभियान परिषद के सदस्यों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। इस अवसर पर डोलरिया मंडल अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह जी भदोरिया, समाजसेवी सत्यनारायण जी परिहार, उप सरपंच संजू जी राजपूत, समाजसेवी भगवान दास जी एवं सभी सहयोगियों का हार्दिक धन्यवाद कि शिविर को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला स्वच्छता दूत के चरण छूकर व पुष्प भेंट कर दी नगरपालिका अध्यक्ष ने किया सम्मान

**संस्कृति..... इटारसी**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगरपालिका परिषद इटारसी ने महिला स्वच्छता दूत का सम्मान आज अटल पार्क में किया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने समस्त स्वच्छता दूत के चरण छूकर व पुष्प भेंट कर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में स्वच्छता दूतों को मेडिकल किट भी प्रदान की गई।

इस सम्मान समारोह में नगरपालिका सीएमओ रितु



मेहरा, सभापति गीता देवेंद्र पटेल, राकेश जाधव, नाजिया शहबाज बेग, पार्षद ज्योति राजकुमार बाबरिया, मनीषा आशुतोष अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि इस अवसर पर समस्त महिला स्वच्छता दूत के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए उन्हें उनके कार्यों के लिए धन्यवाद दिया।

तोप का किया लोकार्पण- अटल पार्क में नगरपालिका के स्वच्छता विभाग ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत कबाड से जुगाड की तोप बनाकर लगाई है। तोप ट्रेक्टर, कार से निकले हुए खराब हो चुके टायर व पाइप से बनाई गई है। चूंकि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर इसका लोकार्पण होना था तो तोप का नाम पदमा रखा गया है। यहां भी सीएमओ, सभापति, महिला पार्षदों व स्वच्छता दूतों ने इसका लोकार्पण किया।

# सखी मंच ने बनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, महिलाओं को किया गया सम्मानित

**संस्कृति..... सिवनी मालवा**

सखी मंच द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल सभागृह में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती चंद्रकला रघुवंशी, श्रीमती शशि अवस्थी ,श्रीमती मीना रघुवंशी ,श्रीमती उषा उदासी जी उपस्थित रहे सखी मंच की महिलाओं ने समाज एवं परिवार में उल्लेखनीय योगदान के लिए




इनका सम्मान किया ।कार्यक्रम का संचालन अनु रघुवंशी अनीता अवस्थी जी ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ विघ्नहर्ता भगवान गणेश की पूजन एवं दीप जलाकर उपस्थित अतिथियों द्वारा किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता राखी मंच की अध्यक्ष उषा अग्रवाल ने की कार्यक्रम में नगर की गण्यमान महिलाओं में नगर पालिका उपाध्यक्ष स्वती गौर,पार्षद सरिता अग्रवाल, निर्मल जैन, सरला अवस्थी मिनी व्यास मेघ उपाध्याय मीनू सिंह सुधा कचोलिया ,प्रेमलता माहेश्वरी स्वर्णलता अग्रवाल शीला चतर उपस्थित रहीं। सखी मंच की शोभा, सुनीता ,उर्मिला, मनोरमा ,अर्चना,मधु , विजया,रूचि आदि उपस्थित रहे सखी मंच की ओर से सभी अतिथियों का आभार श्रीमती रेखा शर्मा ने माना

# केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की महिला सदस्यो ने मनाया महिला दिवस







**संस्कृति..... नर्मदापुरम**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई एस पी एम नर्मदापुरम में संरक्षिका अध्यक्षऔर डॉ अर्चना राय सिंह एवं वरिष्ठ कमांडेंट श्री मनीष सिंह के मार्गदर्शन में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की महिला बल सदस्यो और बल सदस्य के परिवार जन ने धूमधाम से अंराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जिसमें सर्वप्रथम केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार आइसक्रीम पार्लर का शुभारंभ डॉ अर्चना राय सिंह के कर कमलों द्वारा किया गया जिसमें बल सदस्यो और उनके परिवार जनो के लिए हर प्रकार की आइसक्रीम एवं डेरी प्रोडक्ट मार्केट से सस्ते दामों में उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गयी है इसके अतिरिक्त आइस क्रीम पार्लर के शुभारंभ के दौरान महिलाओं एवं बच्चों द्वारा सस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गये।

# लोधा लौवंशी क्षत्रिय समाज के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**संस्कृति..... सिवनी मालवा**

लोधा लौवंशी क्षत्रिय समाज के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय श्री महेश जी लौवंशी भाई साहब का बानापुरा सिवनी मालवा तहसील में आगमन हुआ लोधा लौवंशी क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आदरणीय श्री राजेंद्र जी साध भाई साहब ने अपने निवास पर शाल श्रीफल एवं मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत सम्मान किया भोपाल जिला समिति के कोषाध्यक्ष श्री हरि शंकर जी बरकुड जी जीजाजी के सिवनी मालवा निवास पर शाल श्रीफल एवं माल्यार्पण



द्वारा भव्य स्वागत हुआ एवं ग्राम भरलाय में लोधा लौवंशी समाज के संरक्षक श्री कमलेश पटेल जी जीजाजी के निवास पर 10:30 बजे नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष जी का स्वागत हुआ तत्पश्चात ग्राम चौकी गांव में सरपंच प्रतिनिधि आदरणीय श्री गोकुल प्रसाद जी लौवंशी बड़भाई के द्वारा स्वागत सम्मान हुआ आदरणीय प्रदेश अध्यक्ष जी ने भी महिला दिवस के शुभ अवसर पर महिलाओं को पुष्प गुछ देकर स्वागत सम्मान किया। ओर हमे भी आदरणीय प्रदेश जी स्वागत करने का अवसर प्राप्त हुआ। ग्राम चौकी गवां में प्रदेश अध्यक्ष द्वारा शिवराम जी भैया की माता जी एवं जितेंद्र मुकेश की दादी मां की श्रद्धांजलि सभा को संबोधित कर दुखद परिवार को धैर्य बंधाया

# महिला दिवस हमें यह याद दिलाता है कि महिलाओं को भी समान अधिकार व सम्मान मिलना चाहिए

**संस्कृति..... सिवनी मालवा**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं के अधिकारों और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। यह दिन महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने और दुनिया भर में महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करने का भी एक अवसर है।



**श्रीमति प्रीति शुक्ला**
जिलाध्यक्ष, नर्मदापुरम भाजपा

एक गृहिणी का जीवन अक्सर अनदेखा और कम आंका जाता है। लेकिन एक गृहिणी परिवार की नींव होती है। वह अपने परिवार की देखभाल करती है, घर को चलाती है और बच्चों को पालती है। एक गृहिणी के बिना, परिवार का जीवन अधूरा है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा ने महिलाओं के लिए कई योजनाएं और कार्यक्रम शुरू किए हैं, जैसे कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और उज्ज्वला योजना।

भाजपा महिलाओं को राजनीति, शिक्षा और रोजगार में समान अवसर देने के लिए भी काम कर रही है।महिला दिवस पर, भाजपा महिलाओं के अधिकारों और लैंगिक समानता के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराती है।

भाजपा महिलाओं को एक मजबूत और आत्मनिर्भर नागरिक बनाने के लिए काम करती रहेगी। महिला दिवस हमें यह याद दिलाता है कि महिलाओं को भी समान अधिकार और सम्मान मिलना चाहिए।

हमें एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए काम करना चाहिए जहां सभी महिलाओं को समान अवसर मिले और वे अपनी पूरी क्षमता तक पहुंच सकें।

# नर्मदापुरम में महिला दिवस पर वरिष्ठ समाजसेवी, भारतीय जनता पार्टी की राजनेत्री श्रीमती प्रेमलता तोमर को किया गया सम्मानित

**संस्कृति..... नर्मदापुरम**



पूर्व भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष, वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमलता तोमर को द एमरल्ड इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में उनके सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया, प्रेमलता तोमर लंबे समय से महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में काम कर रही हैं और उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लिया है और रक्तदान शिविरों को बढ़ावा दिया है, इतना ही नहीं उन्होंने मां नर्मदा के घाटों के आसपास प्रदूषण मुक्त वातावरण के लिए सक्रिय रूप से काम किया और बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण को प्रोत्साहित किया इसलिए उनके कार्यों की सराहना करने के लिए उन्हें डॉ श्रुति मालवीय, पूर्व प्राचार्य किरण शर्मा, सेवानिवृत्त एसडीओ कृपाल राजपूत, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी अकरम खान, समाजसेवी अरुण दीक्षित द्वारा सम्मानित किया गया कार्यक्रम के दौरान द एमरल्ड स्कूल के निदेशक मोहम्मद आदिल फाजली,के के शर्मा, लाखन रघुवंशी, केएन त्रिपाठी, डॉ.मयंक तोमर, अशोक दिवोलिया, ओपी मालवीय,ओ पी तिवारी, सुशीला बारगले, डॉ.सुरेंद्रजीत सिंह आदि सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच के सदस्य उपस्थित थे।

# एक नई पहल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा महिलाओं का किया सम्मान

**संस्कृति..... नर्मदापुरम**





अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष पर 8 मार्च को एक नई पहल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा महिलाओं का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर सोसाइटी की सदस्य महिलाएं पुलिस थाना भी पहुंची, जहां थाना प्रभारी और उनके महिला स्टाफ का सम्मान किया गया। श्रीमति स्वाति विवेक गौर ने बताया कि एक नई वेलफेयर सोसाइटी द्वारा महिला थाना प्रभारी श्रीमती हेमलता मिश्रा जी एवं उनकी पूरी टीम का आज सम्मान एक नई पहेली की संस्था की सदस्य सदस्यों श्रीमती स्वाति विवेक गौड़ रीमा गौर रानू म मेहरा सुनीता सौम्या आदि सदस्यों द्वारा किया गया और उन्हें भेद स्वरूप शमी का वृक्ष देकर वृक्षारोपण कराया। जिसमें सोसाइटी की सदस्य शामिल रही।





# महिलाओं की मेहनत, समर्पण, संघष व सम्मान का प्रतीक है महिला दिवस का दिन

**संस्कृति..... सिवनी मालवा**



पूर्णिमा जोशी
भाजपा महिला मोर्चा मंत्री एवं भारतीय सनातन संघ मातृशक्ति वाहिनी जिला उपाध्यक्ष

दुनिया भर में आज महिला दिवस मनाया जा रहा है। हर साल महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज में उन्हें सामान्य का अधिकार दिलाने के मकसद से यह दिन 8 मार्च को मनाया जाता है। यह दिन उनकी मेहनत, समर्पण, संघर्ष और सम्मान का प्रतीक है।

एक महिला अपने जीवन में कई सारे उतार-चढ़ावों से गुजरना पड़ता है।हर सफलता के पीछे एक नारी की ताकत होती है.नारी नमन, नारी सम्मान, यही है असली पहचान.नारी घर की रौनक है, दुनिया की रोशनी है.हौसले की उड़ान हो तुम, बधाई हो महिला दिवस की.जहां नारी को सम्मान मिलेगा, वहां समाज आगे बढ़ेगा.महिलाओं की हंसी, सशक्त समाज की निशानी.शक्ति, प्रेम और करुणा का संगम है नारी.नारी स्वतंत्रता का मतलब उसकी शक्ति को पहचानना और सम्मान देना है.""हर नारी को खुद पर विश्वास होना चाहिए, तभी वह कुछ बड़ा कर सकती है.""एक महिला केवल घर नहीं संभालती, वह पूरी दुनिया बदल सकती है.""सशक्त महिला वह है जो खुद के फैसले लेने में सक्षम हो."

*करना जीवन में सदा, नारी का सम्मान।।*
*सूना है नारी बिना, सारा यह संसार।*
*वह मकान को घर करे, देकर अपना प्यार।।*
*नारी तू अबला नहीं ,स्वयं शक्ति पहचान।*

# हमें महिलाओं का स शक्ति कारण करने के लिए उन्हें अहसास दिलाना होगा कि उनमें अपार शक्ति है, उनको अपनी आंतरिक शक्ति को जगाना होगा: तान्या ठाकुर

संस्कृति..... सिवनी मालवा

आंचल में ममता लिए वो, नैनो से आसू पिए हुए वो, सौंप दें जो पूरा जीवन, फिर क्यों आहत हो वो उसका मन, सबसे पहले तो महिला दिवस कि हार्दिक शुभकामनाएं।। मेरा यह सौभाग्य हैं कि में एक महिला हु। खुशी की बात है कि आज महिलाएं जीवन के हर क्षेत्र में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल ही नहीं रही है बल्कि धीरे धीरे उनसे आगे निकल रही हैं।

फिर भी अब कई ऐसी चुनौतियां है जो उनके क़दमों को रोकने का काम कर रही हैं। जो किसी एक देश के लिए ही नहीं, दुनिया के कई सारे देशों में चिंता का विषय बना हुआ है।वैसे तो हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी काबिलिया, हुनर और मजबूत इच्छा शक्ति से उस चुनौति को चकनाचूर कर दिया है। वैसे तो हमारे संविधान में पुरुषों और महिलाओं को समान अधिकार दिए हैं। लेकिन आज भी जीवन के हर क्षेत्र में लड़कियों और महिलाओं को घर से लेकर कार्य स्तर में भेदभाव का सामना करना पड़ता हैं।

समाज की रूढ़िवादी सोच, आजादी के ७७साल के बाद भी देश के कई हिस्सों में आज भी महिलाओं के लिए रूढ़िवादी सोच कायम है।। वैसे तो महिलाओं में पुरुषों से संबंधित खेलों जैसे कुश्ती, बॉक्सिंग, वेट लिफ्टिंग, कबाड़ी, कुश्ती, बॉक्सिंग, क्रिकेट, एवं अगर कार्य स्तर कि बात करे तो (फाइटर पायलट,रेल, ऑटो, कैब, ड्राइवर है, अगर इन्दौर शहर में देखा जाए तो पिंक ऑटो ड्राइवर है वह सभी महिलाएं है।।



तान्या ठाकुर
होम मेकर, इंग्लिश स्पोकन व पर्सनालिटी डेव्लपमेंट ट्यूटर

बढ़ते अपराध, जहां बेटीया को देवी दुर्गा, लक्ष्मी का रूप माना गया है। वहीं आज के दौर में महिलाये ही नहीं छोटी छोटी बच्चियों भी रेप, हत्या, किडनैपिंग और तस्करी जैसे गंभीर अपराध का शिकार हो रही हैं। तो वहीं महिलाओं के खिलाफ एसिड अटैक, गैंग रेप घरेलू हिंसा जैसे मामलों में महिलाओं के लिए देश को एक असुरक्षित स्थान बना दिया है। लेकिन अगर पुरुष और समाज महिलाओं के प्रति अपनी मानसिकता में बदलाव लाए और कानूनों का सख्त से पालन किया जाए तो देश में बदलते अपराध पर रोक लगाई जा सकती है।

आपको बता दे कि हमारे देश में लक्ष्मी जेसे कई ऐसे अदम साहस वाली महिलाए है जो एसिड अटैक को झेलने के बाद भी एक आम जिंदगी जीना पसंद करती हैं और अन्य लोगों के लिए एक रोल मॉडल बनें हैं। आज महिलाएं हर मामलों में आत्मनिर्भर और स्वतंत्र हैं। और पुरुषों के बराबर सब कुछ करने में सक्षम भी है।। हमें महिलाओं का सम्मान जेंडर के कारण नहीं बल्कि उसकी स्वयं की पहचान के लिए करना होगा, हमें यह स्वीकार करना होगा कि घर और समाज की बेहतरी के लिए पुरुष और महिला दोनों समान रूप से योगदान करते है, हर महिला पुरुषों से भी विशेष होती है, खुद मौत के दरवाजे पर जाकर एक नन्ही सी जान को जन्म देती है। वह अपने आस पास कि दुनियां में बदलाव ला रही है।।

इतिहास गवाह हैं कि महिलाओं का जीवन कठिनाओ से गुजरा है। कितनी अनोखी विडम्बना हैं कि नारी जिसने संसार को रचा वही उसके अरमानों को उसके अस्तित्व को कुचला गया मानो, नारी रूप में जन्म लेना उसके लिए श्राप बन गया उसे कभी सती होने की लिए मजबूर किया गया, तो कभी दाव पर लगाया गया, उसे कभी दहेज के लिए जलाया गया, तो कभी हवस का शिकार बनाया गया, परंतु वह ना हारी, पूर्ण निष्ठा, आत्मविश्वास की साथ कह उठी, अपमान मत करना नारियों का, अपमान मत करना नारियों का इनके बल पर जग चलता हैं। पुरुष जन्म लेकर तो इनकी हि गोद मै पलता है , और साथ में यह कहती हैं कि मैं छू सकती हूँ, आकाश, बस मुझे भी है एक मौके कि तलाश, जैसे ही उसे ये मौका मिला नारी ने ये साबित कर दिया, नारी ने पृथ्वी से लेकर अंतरिक्ष तक ली ऐसी उड़ान, जिसने सारी नारी जाती के सिकुड़े पंखों पर मानो भर दी जान, तो दोस्तों में अब अपने शब्दों को विराम देते हुए यही कहना चाहूंगी कि महिला दिवस तो तब सफल होगा जब कागज के पन्नो में नहीं बल्कि प्रत्येक मानव के दिल में महिला और पुरुष को बराबर सम्मान मिलेगा।

यह कटु वचन हैं रपक्षी को दोनों पंखों के साथ आसमान में उड़ाया जाए तभी उसकी उड़ान पूरी हो सकती है रबिना एक पंख तो पक्षी भी अधूरा है।। इसी भांति समाज में महिला और पुरुष को समान दर्जा देना बहुत जरूरी है।। सभी महिलाओ को पहचानना होगा अपनी क्षमता को अपनी भीतर शक्ती को और गर्व से कहना होगा की में नारी हु। में नारी हु।।

ऐसे में आवश्यकता इस बात की है कि हमें महिलाओं का स शक्ति कारण करने के लिए उन्हें अहसास दिलाना होगा कि उनमें अपार शक्ति है, उनको अपनी आंतरिक शक्ति को जगाना होगा।।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक विपिन मालवीया, द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं 26 बी, देशबंधू परिसर, प्रेस कम्प्लेक्स, एमपी नगर जोन - 1, भोपाल से मुद्रित तथा म नं 51, जेल रोड, सिवनी मालवा, इटारसी/नर्मदापुरम, जिला नर्मदापुरम से प्रकाशित। मोबाइल नंबर - 9425476757, Title: MPMUL0382